**एक नजर में**

## उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात प्रात: 10 बजे प्राचार्य सुभाष कुमावत द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया गया, जिसमें संपूर्ण स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी सहभागी बने। संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, संविधान विषयक क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संविधान सभा के महत्व एवं उसके निर्माण में महिला सदस्यों के ऐतिहासिक योगदान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में संविधान पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि के साथ देखा। प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि भारत का संविधान केवल शासन व्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं और अधिकारों की रक्षा करने वाला एक जीवंत दस्तावेज है। हमारे संविधान निर्माताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी दूरदृष्टि, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विश्व का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक संविधान तैयार किया। आज की युवा पीढ़ी के सामने यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि वे संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने आचरण में आत्मसात करें। विद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थी केवल संविधान पढ़ें नहीं, बल्कि उसके मूलभूत सिद्धांतों को समझें और उन्हें अपने दैनिक जीवन में लागू करें। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। एक जिम्मेदार विद्यार्थी ही भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनता है। आप सभी देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं, इसलिए संविधान के प्रति जागरूक रहना और उसके आदर्शों का पालन करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आर.सी. पांचाल, मनोज मूणत, शरद कुमार शर्मा, माया मौर्या, यशस्वी वर्मा, हेमलता शिवहरे, रीना कोठारी, अनिल शर्मा, मुन्नेश बघेल, अर्चना टाक, नमिता वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्वास्थ्य की समीक्षा की

**रतलाम।** स्वास्थ्य कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस करें, शहरी स्वास्थ्य केन्द्रो के सभी विभागीय अमले के अधिकारी और कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य दायित्व का संवेदनशीलता पूर्वक निर्वहन करें, गर्भवती माताओं के पंजीयन का पोर्टल पर अपडेशन कार्य 11 दिसम्बर तक, प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के आईडी बनाने का कार्य एवं गर्भवती माताओं के मैनेजमेंट का कार्य 15 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उक्त निर्देश सी ई ओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने शहरी स्वास्थ्य कार्यकर्ता की समीक्षा बैठक के दौरान ट्रेनिंग सेन्टर विरियाखेड़ी में दिये। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने उप स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती माताओं के पंजीयन, उनके हाई रिस्क आधार पर मैनेजमेंट, गंभीर खून की कमी वाली महिलाओं की पहचान करने और आवश्यक प्रबंधन तथा रेफरल करने, शिशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण करने, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत हाइपरटेंशन के सभी मरीजों का शत प्रतिशत फॉलो अप पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर से आने वाली महिलाओं के समग्र आईडी संबंधी समस्या का निराकरण जिला कार्यक्रम प्रबंधक के माध्यम से सूचीबद्ध कर जिला पंचायत कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा। बैठक के दौरान निर्देशित किया कि विभागीय कर्मचारी अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहकर सभी शासकीय दायित्व का निर्वहन करें तथा कार्य में प्रगति लाए, कार्य में प्रगति ना दिखने की दशा में कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आपस में चर्चा कर करके अपने डेटा का मिलान करें। बैठक के दौरान नवजात शिशुओं की गृह भेंट देखभाल करने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर ओपीडी का फुट फॉल बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वार्ड नम्बर 40, 20, 13, 16 की गहन समीक्षा की एवं वार्ड नम्बर 13 में कार्यरत ए.एन.एम की कार्य में लापरवाही के लिए डेटा की समीक्षा कर नस्तीबद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये।

## विवाद में जान से मारने की धमकी

**रतलाम।** विवाद में एक ने दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सातरुंडा निवासी दशरथ पिता नंदु मईडा का वहीं के निवासी नानालाल पिता बाबू भाभर का विवाद हो गया। विवाद में नानालाल ने कलाबाई के साथ मिलकर दशरथ के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# स्कार्पियों में छूपा कर शराब का परिवहन, डेढ़ लाख से अधिक की शराब जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले की नामली पुलिस ने लाखों रूपए की अवैध शराब का परिवहन करते एक स्कॉर्पियों को जब्त किया हैं। वाहन से डेढ़ लाख रूपए की शराब जब्त की हैं। चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**देवास के युवक को पुलिस ने वाहन सहित किया गिरफ्तार**

पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब को लेकर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी के चलते थाना प्रभारी नामली गायत्री सोनी के नेतृत्व में थाना नामली पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। थाना प्रभारी की सूचना पर गुरूवार को पुलिस थाना नामली की टीम द्वारा संदिग्ध वाहन एक ब्लेक रंग की स्कार्पियो क्रमांक एमपी 43 सीबी 1123 को रोककर वाहन चालक से उसका नाम पता पूछते गणेश पिता राजेन्द्र नाथ चौहान जाति नाथ उम्र 30 साल नि.मुढका, थाना बीएनपी देवास को होना बताया व वाहन को विधिवत चेक करते उक्त वाहन में शराब भरी होना पाई गई। जांच में लायसेंस के बारे में पूछने पर नही होना पाया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर मौके पर स्कार्पियो वाहन से अवैध अग्रेजी शराब 446 बल्क लीटर किमती 73,680/- व देशी शराब प्लेन व मसाला 1260 बल्क लीटर किमती 70000 रुपये कुल 1706 बल्क लीटर किमती 1,43,680 व स्कार्पियो वाहन एमपी 43 सीबी 1123 किमती 15 लाख रुपये को जप्त किया गया व आरोपी के विरुध्द थाना नामली पर अपराध क्रमांक 504 /25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी से शराब कहा से लाने व कहा ले जाने व अन्य आरोपीयो के बारे में पूछताछ की जा रही है।



**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

निरी. गायत्री सोनी थाना प्रभारी नामली, उनि कन्हैया अवास्या, सउनि जुगलकिशोर रावत, प्र.आर.कांतिलाल, प्र.आऱ. गोपाल खराडी, प्र.आर. नारायणसिह जादौन, आऱ. अंतिम चौहान, आर .माखनसिह, आर. सादिक मंसूरी, आऱ. कुणाल रावत, आऱ. बुआरसिह की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

**जब्त सामग्री**

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध अग्रेजी व देशी प्लेन एवं मसाला शराब कुल 1 हजार 706 बल्क लीटर किमती 1 लाख 43 हजार 680 रुपये। एक ब्लैक स्कार्पीयो किमती 15 लाख रुपये कुल जप्तशुदा सामग्री किमती 16 लाख 43 हजार 680 रुपये।

# 200 के 90 नकली नोट के साथ एक युवक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/आलोट।** बाजार में नकली नोट चलाने की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा हैं। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 200 रूपए के 90 नकली नोट मिले। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**नकली नोट बाजार में चलाने वाले आरोपी को पकड़ा**

थाना आलोट पुलिस को बुधवार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नकली नोट लेकर धापना फंटे के पास आम रोड की ओर आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर आरोपी लाल सिंह पिता सरतान सिंह सोंधिया राजपूत, (22) निवासी धापना को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि एसपी अमित कुमार के निर्देशन में एवं एएसपी रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आलोट निरीक्षक मुनेंद्र गौतम के नेतृत्व में आलोट पुलिस को नकली नोट सहित आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया एवं विधि अनुसार उसकी जामा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 200 के 90 नकली नोट (भारतीय मुद्रा की प्रतिकृति) बरामद हुए। पुलिस ने नकली नोटों को विधिवत जप्त कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पूछताछ में आरोपी से नकली नोटों की सप्लाई के स्त्रोत एवं नेटवर्क संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। आरोपी लाल सिंह का पीआर लेकर आगे की जांच जारी है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

निरीक्षक मुनेंद्र गौतम (थाना प्रभारी आलोट), उप निरीक्षक आर.सी. खड़िया, उप निरीक्षक प्रमोद राठौर, आरक्षक अभिनन्दन, आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक अंकित काला की सराहनीय भूमिका रही।

## शिक्षाविद नलिनी सुरोलिया का नेत्रदान से दो दृष्टिहीनों के जीवन में उजियारा

**नवभारत न्यूज**



**रतलाम।** मानवता, सेवा और उदारता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शासकीय स्कूल हाथीखाना की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका तथा परसराम जी सुरोलिया की सुपुत्री सुश्री नलिनी सुरोलिया के निधन उपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान कर दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश लाने का पुनीत कार्य किया है। नेत्रदान की प्रेरणा शलभ अग्रवाल और प्रशांत व्यास द्वारा दी गई, जिन्होंने दिवंगत के भतीजे दुर्गेश सुरोलिया, भगवती सुरोलिया, अमिताभ (राजू) सुरोलिया, नीलेश सोनी (लोहित) सहित परिजनों को इस महान कार्य के लिए प्रेरित किया। परिजनों ने सहर्ष सहमति प्रदान कर सेवा और मानवता की मिसाल कायम की। नेत्रम संस्था के प्रतिनिधि हेमंत मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचित किया। उनकी टीम के मनीष तलाचा, परमानंद राठौड़ ने पहुँचकर नेत्र संरक्षण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की। इस अवसर पर हेमंत मूणत, सुशील मीनू माथुर, ओमप्रकाश अग्रवाल, शीतल भंसाली, शलभ अग्रवाल, प्रशांत व्यास, भगवान ढलवानी, नवनीत मेहता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संस्था द्वारा दिवंगत के परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## महिला के साथ की पिता-पुत्र ने की मारपीट

**रतलाम।** जिले की एक महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में बताया गया कि रास्ते में आने की बात को लेकर विवाद हुआ और फिर मारपीट की। फरियादिया की रिपोर्ट पर पिता-पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार ताल थाना क्षेत्र के ग्राम मेलुखेड़ी निवासी संगीता बाई पति भेरुलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की रास्ते में आने की बात को लेकर शंकर पिता मगनीराम ने अपने बेटे के साथ मिलकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए थपड़ों से मारपीट की। फरियादिया ने बताया कि मारपीट के एक दिन पहले भी आरोपियो ने धका दिया था। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## आज शाम महलवाडा से निकलेगी आव्हान रैली

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सिद्ध तीर्थ श्री बरबड हनुमान जी मंदिर पर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और ध्वज-कलश स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन यज्ञ में 1000 आहुतिया दी गई। तीसरे दिन आ शहरवासियों को महोत्सव के मुख्य आयोजन का आमंत्रण देने के लिए शाम 4 बजे महलवाडा से आव्हान रैली निकाली जाएगी। मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और ध्वज-कलश स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुवात यज्ञ से हुई। बुधवार को गणेश जी के नाम 1000 आहुतिया दी गई थी। गुरुवार को अंबे माता के नाम आहुतिया दी गई। इसके बाद यज्ञाचार्य पं दुर्गाशंकर औझा और 11 भूदेवों के मंत्रोप्पचार के साथ भगवान की मूर्तियों का अन्न में अधिवास कराया। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व शुक्रवार को भगवान की मूर्तियों का फूल में और शनिवार को जल में अधिवास होगा। यजमान संध्या-चंद्रप्रकाश सारडा, ममता-अनिल झालानी, निकिता-संजय अग्रवाल, गायत्री-रमेश मित्तल, लक्ष्मी-महेश अग्रवाल ने आहूतियां देने के साथ देव पूजन कर अन्न में अधिवास की विधि संपन्न की। शाम 4 बजे आरती की गई। श्री बरबड हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि आज शाम 4 बजे महलवाडा से शहरवासियों को महोत्सव का आमंत्रण देने के लिए प्रमुख मार्गों से विशाल आव्हान रैली निकाली जाएगी। ट्रस्ट द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से इस अवसर पर अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया हैं।

**बरबड में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, ध्वज-कलश स्थापना का दूसरा दिन**



## उप प्राचार्य गजेन्द्र सिंह की किताबों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक और उप प्राचार्य गजेन्द्र सिंह राठौर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लेखन क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना ली है। वैश्विक संस्था टी फोर एजुकेशन द्वारा आयोजित वर्ल्ड स्कूल समिट 2025 के दौरान यस्मिना ब्रिटिश अकादमी, अबू धाबी में उनके दो प्रमुख पुस्तकों का विमोचन हुआ। खास बात यह रही कि टी फोर एजुकेशन के संस्थापक विकास पोटा और ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार, लेखक और निमार्ता थेरॉन नेफ-यू फिमस्टर ने उनकी दो पुस्तकों - ग्रों विद ग्रेस: फील सेफ वेल्यूड और सायकल ऑफ ग्रोथ: फ्रॉम साइलेंस टू सिम्फनी का वैश्विक विमोचन किया। सायकल ऑफ ग्रोथ में गजेंद्र सिंह ने बताया है कि कैसे रतलाम के सरकारी स्कूल ने केवल दो साल में अपनी चुनौतियों को पार कर विश्व विजेता बनने की यात्रा तय की। यह पुस्तक प्रबंधन, नेतृत्व और टीम निर्माण के अनोखे मॉडल—जैसे सायकल ऑफ ग्रोथ और ब्रूडिंग इफेक्ट—को विस्तार से प्रस्तुत करती है। इसमें स्कूल की यात्रा की सच्ची कहानियां हैं। दूसरी किताब ग्रों विद ग्रेस-फील सेफ वेल्यूड, में स्कूल प्रबंधन और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गजेन्द्र सिंह के अनुभव और विभिन्न नवाचारी मॉडल प्रस्तुत हैं। यह पुस्तक बच्चों, शिक्षकों और स्कूलों को विश्व स्तर पर शिक्षा के नए दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती है, जिनमें कई मॉडल्स को भारत सरकार के कॉपीराइट विभाग द्वारा पूर्व में ही मान्यता मिल चुकी है। दोनों पुस्तकों को पगडंडी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। दोनों ही पुस्तकें स्थानीय तथा ऑनलाईन कई प्लेटफार्म पर छपी हुई प्रति, ई-बुक आदि में उपलब्ध है।

**टी फोर के संस्थापक पोटा और ग्रेमी अवार्ड विजेता फेमिस्टर ने किया विमोचन**



**अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान**

गजेन्द्र सिंह ने सम्मेलन के दौरान ब्राजील, अमेरिका और दुबई के प्रमुख शिक्षाविदों के साथ पैनल चर्चा में भाग लिया। उनके सत्र में 119 रजिस्ट्रेशन हुए, और वे अलग-अलग देशों के शिक्षाविदों के साथ ऑनलाइन शिक्षा और वैश्विक शिक्षा मॉडल पर संवाद कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय समापन समारोह में टी फोर एजुकेशन के संस्थापक विकास पोटा ने अचानक गजेन्द्र सिंह का नाम लेते हुए उन्हें पूरी दुनिया के शिक्षा नीति निमार्ताओं और शिक्षाविदों के बीच इनोवेटर के रूप में पेश किया। इस क्षण ने न केवल गजेन्द्र सिंह बल्कि समूचे मध्यप्रदेश को भी 100 से अधिक देशों में पहचान दिलाई।

## सीए तैयारी दोबारा शुरू करने के प्रभावी तरीकों पर दिया मार्गदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सीआईसीएएसए रतलाम द्वारा सीए छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए पाराग जैन ने बताया कि इस सत्र की मुख्य वक्ता सीए गरिमा सोनी रहीं, जिन्होंने छात्रों को चुनौतियों से उभरने, आत्मविश्वास पुन: प्राप्त करने और नए संकल्प के साथ अपनी सीए तैयारी दोबारा शुरू करने के प्रभावी तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। सीए गरिमा सोनी ने असफलता से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही रणनीति, नियमित अध्ययन, आत्म-विश्लेषण और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी छात्र अपनी तैयारी को एक नई शुरुआत दे सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि असफलता किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि सीख और विकास का अवसर होती है। ब्रांच अध्यक्ष सीए मोहित श्रीमाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को ना केवल प्रेरणा देते हैं, बल्कि उन्हें अपनी कमजोरियों को पहचानने, सुधार करने और बेहतर योजना के साथ आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं।



## चौपाटी ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था पर संस्था करेगी जनहित याचिका दायर

**जावरा।** समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए किसी पद की लालसा नहीं, इसी संकल्प के साथ संजीवनी फाउंडेशन जावरा द्वारा लायंस क्लब जावरा के सहयोग से व्यापक जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरुआत सेवा आपके द्वार माध्यम से की जा रही है। यह जानकारी फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पदाधिकारियों ने दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संजीवनी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी यश जैन एडवोकेट ने देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में जावरा शहर के प्रत्येक वार्ड तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विशेषज्ञ द्वारा जांच, परामर्श एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित न रह जाए।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस मे संस्थापक अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने दी जानकारी**



फाउंडेशन अन्य सेवा कार्य में भी सक्रियता दिखाएगा। जिसके तहत जावरा चौपाटी क्षेत्र स्थित ट्रैफिक सिग्नल को लेकर भी गंभीर चिंता है और खराब सिग्नल व्यवस्था के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, किंतु शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब संस्था ने इस गंभीर जनहित के विषय को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने का निर्णय लिया है और संबंधित विभागों को पार्टी बनाकर जवाबदेही तय की जाएगी।

**नपा के अतिरिक्त शुल्क पर याचिका तैयार:** नगर पालिका द्वारा नामांतरण प्रक्रिया में वसूले जा रहे 1 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क पर भी संजीवनी फाउंडेशन ने कड़ी आपत्ति जताई। संस्था का कहना है कि यह शुल्क आम नागरिकों पर अनुचित आर्थिक बोझ डालता है। इसके निराकरण के लिए भी फाउंडेशन द्वारा अलग से याचिका तैयार की जा चुकी है, जिसे शीघ्र ही न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**ब्लड बैंक पर भी की विस्तार से चर्चा:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में जावरा शहर में ब्लड बैंक की अत्यंत आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि अभी आसपास के शहरों पर निर्भरता के कारण आपातकालीन परिस्थितियों में समय की बर्बादी होती है। इसी को देखते हुए फाउंडेशन स्थानीय स्तर पर ब्लड बैंक की स्थापना के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद कर रहा है। संस्था द्वारा देहदान नेत्रदान रक्तदान को लेकर भी कार्य लगातार किया गया है। जिसमें अभी तक 20 लोगों ने देहदान संकल्प फॉर्म नियमों अनुसार भरकर मेडिकल कॉलेज रतलाम को प्रेषित किए जा चुके है। साथ ही कई रक्तदान शिवर ओर नेत्रदान कार्य भी संपन्न कराया गया है।

**संस्था, प्रशासनिक सुधार के लिए करेगी कार्य:** फाउंडेशन ने यह भी स्पष्ट किया कि संस्था केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और प्रशासनिक सुधार के लिए भी पूरी मजबूती से कार्य करेगी। संस्था सचिव राजेश जैन ने बताया, संजीवनी फाउंडेशन ने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को संस्था तक पहुचाए, ओर साथ ही समाज की सेवाभावी संस्था जो जनहितैषी कार्य कर रही है उनका भी सहयोग लेकर उनके साथ कार्य किया जाएगा, ताकि उचित मंच पर उठाकर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके।

**बैठक** | तस्करी रोकने के लिए 8 लेन व बॉर्डर थानों को दिए सख्त निर्देश

## जावरा पहुंचे उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** उज्जैन रेंज एडीजीपी उमेश जोगा दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे (8 लेन) और राजस्था-गुजरात बॉर्डर पर बढ़ती तस्करी गतिविधियों को लेकर अलर्ट हो गए हैं। तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वे लगातार मैदानी दौरे कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने जावरा सबडिविजन में 8 लेन और बॉर्डर से जुड़े थानों के अधिकारियों की विशेष बैठक जावरा एसडीओपी कार्यालय में ली। बैठक में एसपी अमित कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जावरा शहर, जावरा आईए, रिंगनोद, कालूखेड़ा, पिपलौदा, सैलाना, सरवन, धराड़ चौकी और बड़ावदा थाना प्रभारियों को तस्करी रोकने के लिए कठोर और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एक दिन पहले ही एडीजीपी जोगा ने मंदसौर दौरे में दलोदा थाना और कचनारा चौकी का निरीक्षण कर इसी संबंध में निर्देश जारी किए थे।

**8 लेन थानों का बनेगा संयुक्त व्हाट्सप्प ग्रुप:** एडीजीपी जोगा ने त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए सभी संबंधित थानों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। इससे तस्करी, दुर्घटना व आरोपी के फरार होने की स्थिति में तुरंत अगले थाने को सूचना मिलेगी और कार्रवाई तेज होगी।

**बॉर्डर थानों को भी मिले स्पष्ट निर्देश:** राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर तस्करी रोकने हेतु कड़े निर्देश। प्रतापनगर मार्ग से आने वाली एमडी ड्रग तस्करी पर विशेष निगरानी। पंजाब व हरियाणा से गुजरात जाने वाली अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई। साथ ही सैलाना, नामली और सरवन थाना प्रभारियों को अवैध शराब के खिलाफ तेज अभियान चलाने के निर्देश।



**8 लेन पर बढ़ते हादसों पर चिंता**

बैठक में 8 लेन और फोरलेन पर तेज गति के कारण बढ़ रहे सड़क हादसों पर भी चर्चा हुई। एडीजीपी ने हाईवे पर सुरक्षा बढ़ाने, पेट्रोलिंग टीम सक्रिय करने और ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए।

**8 लेन तस्करी का नया मार्ग**

हाल के दिनों में दिल्लीङ्कमुंबई एक्सप्रेसवे (8 लेन) तस्करों की पहली पसंद बनता जा रहा है। अवैध शराब, अफीम और एमडी ड्रग की कई तस्करी की घटनाएँ इसी मार्ग से पकड़ी गई हैं। एक्सप्रेसवे पर किसी थाना-चौकी के न होने से तस्कर इसे सुरक्षित रूट मान रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीजीपी ने इस पूरे रूट पर सख्त निगरानी और संयुक्त कार्रवाई शुरू करवाई है।